# उत्तर प्रदेश सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा 2018
## द्वितीय पाली
### व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 02-12-2018)

## हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता
## (Hindi Knowledge & Writing Ability)

**1.** 'ऋतु का' अर्थ है :

(a) सत्य (b) इच्छा
(c) रूप (d) कल

**Ans. (a) :** 'ऋत्' शब्द का अर्थ 'सत्य' होता है। प्रश्न में 'ऋतु' शब्द दिया गया है, जिसका सगत अर्थ किसी भी विकल्प में निहित नहीं है।
शब्द 'ऋतु' का अर्थ 'मौसम' होता है। आयोग के उत्तर के अनुसार शब्द 'ऋतु' के स्थान पर 'ऋत्' शब्द होना चाहिए जिसका अर्थ 'सत्य', 'मोक्ष' तथा 'यथार्थ' होता है। 'ऋत' शब्द का विलोम 'अनृत' होता है।

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. ऋद्ध | – | समृद्ध |
| 2. ऋद्धि | – | समृद्धि, धन |
| 3. ऋक्थ | – | धन, जायदाद |
| 4. ऋषीक | – | ऋषि पुत्र |

**2. 'शोक करना' के लिए मुहावरा है :**

(a) सिर भारी होना (b) सिर चढ़ाना
(c) सिर पीटना (d) सिर पर सवार होना

**Ans. (c) :** 'शोक करना' के लिए 'सिर पीटना' मुहावरा प्रयुक्त होता है। शेष मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है–
सिर भारी होना– सिर में पीड़ा होना
सिर पर सवार होना– किसी बात की धुन होना/किसी वस्तु के लिए जिद करना।

**3. 'भूर्जा' का संधि-विच्छेद होगा :**

(a) भूग + र्जा (b) भ् + ऊर्जा
(c) भू + ऊर्जा (d) भुज + री

**Ans. (c) :** 'भूर्जा' का सन्धि विच्छेद 'भू + ऊर्जा' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। जब समान स्वर मिलते हैं तो उनका दीर्घीकरण हो जाता है। दीर्घ स्वर संधि के अन्य उदाहरण है–
विद्या + आलय = विद्यालय, हिम + आलय = हिमालय
महा + आत्मा = महात्मा, नदी + ईश = नदीश आदि

**4. वचनामृत समस्तपद का विग्रह होगा :**

(a) अमृत रूपी वचन (b) वचन और अमृत
(c) अमृत जैसी वाणी (d) वचन रूपी अमृत

**Ans. (d) :** 'वचनामृत' समास पद का विग्रह 'वचन रूपी अमृत' है। इसमें कर्मधारय समास है। कर्मधारय समास के पूर्वपद एवं उत्तर पद के मध्य या तो 'उपमेय-उपमान' का सम्बन्ध होता है या विशेषण-विशेष्य का। यहाँ 'वचन' उपमेय तथा 'अमृत' उपमान है अतः यहाँ कर्मधारय समास है।

**5. हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा-लोकोक्ति का अर्थ :**

(a) बहुत खर्च करके काम (b) बिना खर्च अच्छा काम
(c) खर्च कम काम अच्छा (d) न काम न खर्च

**Ans. (b) :** "हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा" इस लोकोक्ति का अर्थ है– बिना खर्च अच्छा काम। शेष विकल्प इसके अर्थ के सम्बन्ध में असंगत है।

**6. 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द है :**

(a) निष्पलक (b) निस्पृह
(c) निर्निमेष (d) निर्विकार

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों का संगत अर्थ इस प्रकार है–
**निर्निमेष–** बिना पलक झपकाए।
**निस्पृह–** इच्छा रहित।
**निर्विकार–** विकार रहित।

**7. अर्द्ध विवृत स्वर है :**

(a) ऊ (b) ऐ
(c) आ (d) ए

**Ans. (b) :** मुखद्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार होते हैं, जो इस प्रकार है–
**विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुख द्वार पूरा खुलता है; जैसे– आ
**अर्धविवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा खुलता है; जैसे– अ, ऐ, ऑ, औ।
**अर्ध संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुख द्वार आधा बन्द रहता है; जैसे- ए, ओ।
**संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुख द्वार लगभग बन्द रहता है, जैसे- इ, ई, उ, ऊ

**8. 'प्रज्ञाचक्षु' के लिए वाक्यांश :**

(a) चक्षु ही जिसकी प्रज्ञा हो
(b) बुद्धि जिसका नेत्र हो
(c) प्रज्ञा और चक्षु जिसके समान हो
(d) बुद्धि और ज्ञान होने वाली प्रज्ञा

**Ans. (b) :** 'प्रज्ञाचक्षु' के लिए उपयुक्त वाक्यांश है– बुद्धि जिसका नेत्र हो। शेष विकल्प इसके अर्थ की दृष्टि से असंगत हैं।

**9. शुद्ध वाक्य है :**

(a) गाय के पूंछ होती है
(b) उसकी बेटी हुई।
(c) गोपाल को लड़का हुआ
(d) मर्द की दाढ़ी होती है

**Ans. (a) :** "गाय के पूंछ होती है।" वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है

| अशुद्ध वाक्य | | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. 'उसकी बेटी हुई।' | – | उसको बेटी हुई। |
| 2. 'मर्द की दाढ़ी होती है।' | – | मर्द को दाढ़ी होती है। |
| 3. 'गोपाल को लड़का हुआ।' | – | गोपाल के लड़का हुआ। |

**10. वह आयी हो तो मेरी चिट्ठी उसे दे देना। कौन-सा काल है?**

(a) संदिग्ध वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान
(c) तात्कालिक वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

**Ans. (b) :** "वह आयी हो तो मेरी चिट्ठी उसे दे देना।" वाक्य संभाव्य वर्तमान काल का उदाहरण है। शेष सभी कालों के उदाहरण इस प्रकार है–
**संदिग्ध वर्तमान**– वह पढ़ता होगा।
**तात्कालिक वर्तमान**– मैं खाना खा रहा हूँ।
**सामान्य वर्तमान**– सूर्य पूरब में उगता है।

**11. स्त्रीलिंग शब्द अलग कीजिए :**

(a) हुलास (b) हरकत
(c) हमला (d) हवाला

**Ans. (b) :** 'हरकत' स्त्रीलिंग शब्द है। वाक्य प्रयोग देखें– तुम्हारी हरकत अच्छी नहीं लगती। शेष सभी पुल्लिंग शब्द है।

**12. सभी चिट्ठियां डाक से भेजी गईं। इसमें कर्ता है :**

(a) डाक (b) भेजी गई
(c) सभी (d) चिट्ठियां

**Ans. (d) :** "सभी चिट्ठियां डाक से भेजी गईं।" इस वाक्य में चिट्ठियां– कर्ता (स्त्रीलिंग शब्द) तथा डाक– करण कारक, भेजी गई– क्रिया, सभी–विशेषण हैं।

**13. विसर्ग संधि है :**

(a) निष्कर्म (b) संयोग
(c) सदैव (d) गिरीश

**Ans. (a) :** विसर्ग संधि का उदाहरण है– निष्कर्म। निष्कर्म का संधि विच्छेद है- निः + कर्म। शेष दिए हुए शब्दों का संधि विच्छेद इस प्रकार है–
संयोग = सम् + योग (व्यंजन संधि)
सदैव = सदा + एव (वृद्धि स्वर संधि)
गिरीश = गिरि + ईश (दीर्घ स्वर संधि)

**14. 'दुर्गा' का पर्यायवाची है :**

(a) भारती (b) श्री
(c) धात्री (d) ज्योत्स्ना

**Ans. (c) :** दुर्गा का पर्यायवाची शब्द 'धात्री' है। दुर्गा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- चंडिका, कालिका, भगवती, नारायणी, महामाया, गौरी, शक्ति, कल्याणी, चंडी, भवानी। अन्य विकल्पों में से 'भारती' सरस्वती का, 'श्री' लक्ष्मी का और 'ज्योत्स्ना' चाँदनी का पर्यायवाची है।

**15. संज्ञा की द्विरुक्ति हो तो उनके बीच कौन-सा चिह्न रहता है?**

(a) अवतरण (b) योजक
(c) कोष्ठक (d) निर्देशक

**Ans. (b) :** संज्ञा की द्विरुक्ति होने पर उनके मध्य 'योजक चिह्न' का प्रयोग किया जाता है। अन्य विकल्पों में से, **'अवतरण चिह्न'** का प्रयोग किसी वाक्य में किसी विशेष शब्द पर बल देने के लिये अथवा किसी और के द्वारा कहे हुये या लिखे हुये कथनों को ज्यों का त्यों लिखने के लिये, **'कोष्ठक चिह्न'** का प्रयोग किसी शब्द को स्पष्ट करने तथा कुछ विशेष जानकारी प्रदान करने के लिये और **'निर्देशक चिह्न'** का प्रयोग विषय, विवाद सम्बन्धी प्रत्येक शीर्षक के आगे, उदाहरण के पश्चात तथा कथोपकथन के नाम के आगे किया जाता है।

**16. श्याम को पुस्तक पढ़नी है। यह किस वाच्य में है?**

(a) भाव वाच्य (b) कर्तृ वाच्य
(c) कर्तृ और कर्म वाच्य (d) कर्म वाच्य

**Ans. (d) :** 'श्याम को पुस्तक पढ़नी है' वाक्य में कर्मवाच्य है। क्रिया के जिस रूपान्तर से वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो उसे कर्मवाच्य कहते हैं। भाववाच्य क्रिया से वाक्य में भाव की प्रधानता का बोध होता है। कर्तृवाच्य में कर्ता की प्रधानता होती है।

**17. कुजगह फोड़ा और ससुर वैद्य-कहावत का अर्थ है :**

(a) दोनों में दोष (b) मरीज वैद्य में संपर्क
(c) दोनों का त्याग (d) धर्म संकट की स्थिति

**Ans. (d) :** 'कुजगह फोड़ा और ससुर वैद्य' कहावत का अर्थ 'धर्म संकट की स्थिति है।

**18. अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा है :**

(a) चोट (b) नेत्र
(c) निशाना (d) जवाब

**Ans. (c) :** अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा शब्द निशाना है। शेष संज्ञा शब्द उपयुक्त नहीं है।

**19. क्रियार्थक संज्ञा सदा किस रूप में रहती है?**

(a) बहुवचन पुलिंग (b) एकवचन पुलिंग
(c) एकवचन स्त्रीलिंग (d) बहुवचन स्त्रीलिंग

Ans. (b) : जब क्रिया संज्ञा की तरह व्यवहार में आती हो तो ऐसी क्रिया को क्रियार्थक संज्ञा कहते हैं। यह सदैव एकवचन पुल्लिंग में रहती है। उदाहरण 'टहलना स्वास्थ्य के लिये अच्छा है।' यहाँ 'टहलना' क्रियार्थक संज्ञा है।

20. दुकाल में कैसा उपसर्ग है?

(a) उर्दू (b) फारसी
(c) हिन्दी (d) अरबी

Ans. (c) : 'दुकाल' शब्द में हिन्दी उपसर्ग 'दु' का प्रयोग हुआ है। 'दु' का अर्थ बुरा, हीन होता है। जैसे- दुकाल, दुबला आदि। हिन्दी उपसर्ग इस प्रकार हैं- अ, नि, अन, अध, क, कु, उन, औ (अव), बिन, भर, सु।

21. देशज शब्द छाँटिए :

(a) तारीख (b) डिबिया
(c) सूरज (d) जनम

Ans. (b) : उत्पत्ति/स्रोत/इतिहास के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं-

1. तत्सम – संस्कृत से लिये गये शब्द - अग्नि, वायु, सूर्य
2. तद्भव – संस्कृत से लिये गये शब्द का विकृत शब्द - आग, हवा, सूरज
3. देशज – वे शब्द जिनकी उत्पत्ति का पता न हो - डिबिया, लोटा, तेल
4. विदेशी– विदेशी भाषाओं से लिये गये शब्द - अफसर, अजब, दरोगा

22. कौन-सा व्यंजन संधि नहीं है?

(a) उद्धरण (b) तद्धित
(c) वाग्जाल (d) रसायन

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से रसायन शब्द में व्यंजन संधि नहीं है। रसायन में दीर्घ संधि है जिसका विच्छेद इस प्रकार है– रस + आयन। अन्य तीनों शब्द व्यंजन संधि के उदाहरण हैं जिनका संधि विच्छेद इस प्रकार है-

उद्धरण – उत् + हरण
तद्धित – तत् + हित
वाग्जाल – वाक् + जाल

23. 'स्तुत्य' का विलोम है :

(a) ह्रास (b) हास
(c) हेय (d) हानि

Ans. (c) : 'स्तुत्य' का विलोम शब्द 'हेय' है। 'हास' का विलोम 'रुदन' तथा 'हानि' का विलोम 'लाभ' होता है।

24. खगेश का पर्यायवाची है :

(a) वासुदेव (b) नाक
(c) वैनतेय (d) विधु

Ans. (c) : खगेश का पर्यायवाची शब्द 'वैनतेय' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गरुण, सर्पारि, हरियान, नागान्तक। वासुदेव, श्रीकृष्ण का तथा विधु, चन्द्रमा का पर्यायवाची है।

25. जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे हैं :

(a) वृत्ताकार स्वर (b) संवृत स्वर
(c) अनुनासिक स्वर (d) निरनुनासिक स्वर

Ans. (d) : जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है वे निरनुनासिक स्वर हैं। अनुनासिक स्वरों जैसे- इ, ई, उ, ऊ के उच्चारण में वायु/ध्वनि मुख के साथ-साथ नाक से भी निकलती है। वृत्ताकार स्वर ऐसे स्वर हैं जिनके उच्चारण में होंठों का आकार गोल हो जाता है। जैसे- उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। संवृत स्वर के उच्चारण में मुख द्वार लगभग बंद रहता है।

26. 'दृग' का वर्ण-विच्छेद है :

(a) द् + ऋ + ग् + अ
(b) द + र + उ + ग
(c) द् + ऋ + ग
(d) द् + र + अ + उ + ग + अ

Ans. (a) : दृग का सही वर्ण-विच्छेद 'द् + ऋ + ग् + अ' है।

27. अशुद्ध शब्द है :

(a) अनसूया (b) ऐनक
(c) सन्कट (d) संशय

Ans. (c) : उपर्युक्त विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'सन्कट' है, इसका शुद्ध रूप 'संकट' होगा। अन्य विकल्प अनसूया, ऐनक, संशय वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

28. 'लश्कर में ऊंट बदनाम' का अर्थ है :

(a) गुणवान का बदनाम
(b) ऊंट का सदा दुखरस
(c) मेल-जोल कर बदनाम होना
(d) दोष किसी का पर नाम किसी और का

Ans. (d) : 'लश्कर में ऊंट बदनाम' का उचित अर्थ है 'दोष किसी का, पर नाम किसी और का।'

29. सही वर्तनी वाला शब्द है :

(a) सुह्रद (b) शुश्रुषा
(c) स्पर्धा (d) ससीम

Ans. (b) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'शुश्रूषा' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। सुह्रद की शुद्ध वर्तनी- सुहृद, स्पर्धा की शुद्ध वर्तनी- स्पर्धा तथा ससीम की शुद्ध वर्तनी-ससीम है।

30. भविष्यत काल की क्रिया को बहुवचन बनाने में 'ए' पर क्या होता है?

(a) ॅ / ँ (b) चंद्रबिंदु / अनुस्वार
(c) ा, ी (d) अनुस्वार / चंद्रबिंदु / ॅ

Ans. (b) : भविष्यत् काल की क्रिया को बहुवचन बनाने में 'ए' पर चन्द्रबिन्दु या अनुस्वार लगाया जाता है।

31. स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) सलाद (b) सनक
(c) साफ (d) सलाम

Ans. (b) : उपर्युक्त विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द सनक है। शेष शब्द पुल्लिंग के अन्तर्गत आते हैं।

32. अयादि संधि है :

(a) उत् + योग (b) तथा + एव
(c) अप् + ज (d) नौ + इक

Ans. (d) : 'नौ + इक' में अयादि संधि है। इसका संधि रूप 'नाविक' होगा। शेष विकल्पों की संधि इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| उत् + योग = उद्योग | व्यंजन संधि |
| तथा + एव = तथैव | वृद्धि स्वर संधि |
| अप् + ज = अब्ज | व्यंजन संधि |

33. अव्ययीभाव समास का उदाहरण है :

(a) पल - पल (b) अन्न - जल
(c) अंत - अनंत (d) धर्म - धर्म

Ans. (a) : विकल्प 'पल-पल' अव्ययीभाव समास का उदाहरण है। अन्न-जल में द्वन्द्व समास, अंत-अनंत तथा धर्म-धर्म में वैकल्पिक द्वन्द्व समास है।

34. विशेषण बताइए :

(a) सभ्य (b) फेन
(c) शिक्षा (d) श्रम

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से सभ्य शब्द विशेषण है (जो सभ्य शब्द से निर्मित है), शेष शब्द संज्ञा है।

35. ब उपसर्ग किसमें है?

(a) बदबू (b) बदौलत
(c) बदनाम (d) बदकलामी

Ans. (b) : दिये शब्दों में से 'बदौलत' शब्द में 'ब' उपसर्ग है, शेष शब्दों में 'बद' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है जोकि उर्दू का उपसर्ग है

36. विदेशज शब्द है :

(a) चश्मा (b) जूता
(c) जीभ (d) वायु

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से चश्मा विदेशज शब्द है। यह फारसी भाषा का शब्द है। शेष शब्दों में से जूता- देशज शब्द, जीभ- तद्भव शब्द, जिसका तत्सम् रूप जिह्वा तथा वायु तत्सम शब्द है।

37. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए :

(a) नासिका (b) बच्चा
(c) ग्रीष्म (d) लक्ष्मी

Ans. (b) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'बच्चा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'वत्स' होगा। शेष शब्द तत्सम हैं।

38. चिर/चीर का अर्थ क्या है :

(a) नया/पुराना (b) किला/कपड़ा
(c) पुराना/कपड़ा (d) चर/अचर

Ans. (c) : चिर/चीर का अर्थ है– पुराना/कपड़ा जबकि नया/पुराना– नवीन/प्राचीन का, किला/कास – गढ़/खाँसी का और चर/अचर –चलने वाला/अचल का अर्थ है।

39. प्राणदा के लिए अनेक शब्द है :

(a) प्राण रक्षा के मंत्र (b) जीवन देने वाली दवा
(c) जीवन चाहने वाली राह (d) प्राण रहने का अभ्यास

Ans. (b) : 'प्राणदा' शब्द 'जीवन देने वाली दवा' के लिये एक शब्द है।

40. मिश्र वाक्य है?

(a) उसने अपना घर लुटा दिया
(b) सूरज उगने पर कुहरा फट गया
(c) उसके पास जो कुछ था, वह खो गया
(d) उसका सब कुछ खो गया

Ans. (c) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'उसके पास जो कुछ था, वह खो गया।' मिश्र वाक्य है। रचना के आधार पर वाक्य के 3 भेद हैं– (1) साधारण वाक्य (2) मिश्र वाक्य (3) संयुक्त वाक्य। जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय रहता है उसे साधारण वाक्य कहते हैं। जिस वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के सिवा एक से अधिक समापिका क्रियायें रहती हैं उसे मिश्र वाक्य कहते हैं तथा दो वाक्यों के मेल से निर्मित वाक्य संयुक्त वाक्य कहलाता है।

41. सड़के चौड़ी बनाई गईं। इस में चौड़ी क्या है?

(a) सहायक कर्ता (b) पूरक
(c) मुख्य क्रिया (d) पूरक कर्ता

Ans. (b) : 'सड़के चौड़ी बनाई गईं।' इस वाक्य में 'चौड़ी' पूरक शब्द है। पूरक शब्द ऐसे शब्द होते हैं, जो वाक्य में प्रयुक्त होकर वाक्य के अर्थ को पूर्णता प्रदान करते हैं। जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना व्यक्त हो उन्हें क्रिया कहते हैं, इन्हीं को वाक्य में मुख्य क्रिया भी कहते हैं जैसे– सोना, खाना, पढ़ना इत्यादि।

42. वह क्यों नहीं आया? इसलिए कि वह बीमार था यहाँ 'कि' से क्या बोध होता है?

(a) अथवा (b) जोड़ने का
(c) कारण (d) और

Ans. (c) : दिया गया वाक्य 'वह क्यों नहीं आया? इसलिये कि वह बीमार था।' में 'कि' से कारण का बोध हो रहा है। शेष विकल्प उपयुक्त नहीं हैं।

**43. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा काल :**

(a) 500 ई. पूर्व से 1000 ई. तक
(b) 1000 ई. से 21वीं तक
(c) 1500 ई. पूर्व से 500 ई. पूर्व तक
(d) 300 ई. से 1000 ई. तक

**Ans. (a) :** मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा का काल 500 ई. पूर्व से 1000 ई. तक है। भारतीय आर्यभाषा का कालक्रम की दृष्टि से विभाजन निम्नवत है–
(1) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा– 2000 ई. पू. से 500 ई. पू.
(a) वैदिक संस्कृत – 2000 ई. पू. से 800 ई. पू. तक
(b) लौकिक संस्कृत– 800 ई. पू. से 500 ई. पू. तक
(2) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा– 500 ई. पू. से 1000 ई. पू. तक
(a) पालि– 500 ई. पू. से 1 ई. तक
(b) प्राकृत– 1 ई. से 500 ई. तक
(c) अपभ्रंश– 500 ई. से 1000 ई. तक
(3) आधुनिक भारतीय आर्यभाषा – 1000 ई. से अब तक
इन्ही आर्यभाषाओं के उत्तरोत्तर विकास से आधुनिक हिन्दी की उत्पत्ति हुई है।

**44. अंतस्थ और ऊष्म वर्ण कितने हैं :**

(a) 6 (b) 8
(c) 9 (d) 7

**Ans. (b) :** अंतस्थ व ऊष्म वर्णों की कुल संख्या 8 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 ध्वनियाँ हैं जिनमें से 4 अंतस्थ व्यंजन तथा 4 ऊष्म व्यंजन हैं। वर्णमाला में य, र, ल, व वर्ण अंतस्थ व्यंजन हैं, अंतःकरण से उच्चारित होने के कारण ये अंतस्थ कहलाते हैं। श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन कहलाते हैं। इनका उच्चारण घर्षण से ऊष्म ऊष्म वायु से होता है।

**45. मतैक्य किस संधि का उदाहरण है?**

(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) वृद्धि संधि (d) व्यंजन संधि

**Ans. (c) :** 'मतैक्य' शब्द वृद्धि संधि का उदाहरण है। इसका संधि विच्छेद 'मत + ऐक्य' होगा। यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आये, तो दोनों के स्थान में 'ऐ' तथा 'ओ' या 'औ' आये तो दोनों के स्थान पर 'औ' हो जाता है। वृद्धि संधि के अन्य उदाहरण हैं–
एक + एक – एकैक, सदा + एव – सदैव,
महा + औषध – महौषध, महा + ऐश्वर्य – महैश्वर्य
गुण संधि के उदाहरण–
देव + इन्द्र – देवेन्द्र, चन्द्र + उदय – चन्द्रोदय,
महा + उत्सव – महोत्सव, गंगा + ऊर्मि – गंगोर्मि,
महा + ऋषि – महर्षि
यण संधि के उदाहरण–
यद्यपि – यदि + अपि, गुर्वोदन – गुरु + ओदन,
अत्यावश्यक – अति + आवश्यक
व्यंजन संधि के उदाहरण–
दिक् + गज – दिग्गज, वाक् + मय – वाङ्मय
उत् + लास – उल्लास

**46. भील का स्त्रीलिंग है :**

(a) भालू (b) भीलनी
(c) भिलौनी (d) भीलना

**Ans. (b) :** भील का स्त्रीलिंग शब्द 'भीलनी' है जो भील (संज्ञा) में 'नी' प्रत्यय के योग से निर्मित है। शेष शब्द असंगत हैं। जाति या भाव बताने वाली संज्ञाओं का पुल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाते समय 'नी' प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है; जैसे– स्यार–स्यारनी, हिन्दू–हिन्दुनी, ऊंट-ऊंटनी, हाथी-हथिनी।

**47. धातु के अंत में जोड़े जाने वाले प्रत्यय हैं :**

(a) क्रिया द्योतक प्रत्यय (b) कृत् प्रत्यय
(c) तद्धित प्रत्यय (d) भाव द्योतक प्रत्यय

**Ans. (b) :** धातु के अंत में जोड़े जाने प्रत्ययों को कृत प्रत्यय या कृदन्त प्रत्यय कहते हैं। शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है उसे प्रत्यय कहते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं–
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय
क्रिया या धातु के अन्त में लगने वाला प्रत्यय कृत् प्रत्यय कहलाते हैं तथा संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अन्त में लगने वाले प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहे जाते हैं। कृत प्रत्यय इस प्रकार हैं–
अ, अन, अक्कन, औती, की, गी, ती, सार, वैया, हार, ओड़ा, इयल, इया आदि। कुछ तद्धित प्रत्यय इस प्रकार हैं– ल, वन, ऊल, ईन, चित, ठ, टन, ऐल, सा, चा, हर, हला इत्यादि।
क्रिया द्योतक प्रत्यय कृत प्रत्यय का एक भेद है। ये ऐसे प्रत्यय हैं जिनसे क्रियाओं के समान ही भूत या वर्तमानकाल के वाचक विशेषण या अव्यय बनते हैं। ता और आ इसी प्रकार के प्रत्यय हैं।

**48. जयपुरी का स्थानीय नाम है :**

(a) बाँगरू (b) बागड़ी
(c) ढूंढाड़ी (d) कुमांऊनी

**Ans. (c) :** जयपुरी बोली का स्थानीय नाम ढूंढाड़ी है। यह राजस्थानी हिन्दी उपभाषा की एक बोली है। कुछ अन्य बोलियों के स्थानीय नाम निम्नवत् हैं–

हरियाणवी – बाँगरू, देसवाली
ब्रजभाषा – अन्तर्वेदी
बुन्देली – बुन्देलखण्डी
अवधी – कोसली, बैसवाड़ी
कौरवी – खड़ीबोली
छत्तीसगढ़ी – खल्टाही, लरिया
बघेली – रीवाई

49. 'र' का विवरण है :

(a) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(b) वर्त्स्य, तार्दिक, सघोष, महाप्राण व्यंजन
(c) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष अल्पप्राण व्यंजन
(d) वर्त्स्य, स्पर्श, सघोष, महाप्राण व्यंजन

**Ans. (a) :** 'र' वर्ण का विवरण है– वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन।

50. उसने एक मुकदमा दायर किया। अंग्रेजी में अनुवाद होगा:

(a) He made a cases in the court.
(b) He filed a suit.
(c) He filed a cases against him.
(d) He filed a gint with him.

**Ans. (b) :** 'उसने एक मुकदमा दायर किया' वाक्य का अंग्रेजी अनुवाद 'He filed a suit' होगा।

51. ग्रामीण लोग यहाँ अधिकतर निरक्षर हैं। अंग्रेजी में होगा :

(a) Villagersare illiterate.
(b) Maximum are illiterate in this village.
(c) The villagers here mostly are illiterate.
(d) The villagers here are mostly illiterate.

**Ans. (d) :** 'ग्रामीण लोग यहाँ अधिकतर निरक्षर हैं' वाक्य का अंग्रेजी अनुवाद 'The villagers here are mostly illiterate.' होगा।

52. **The teacher was a man of fearless spirit.**
हिन्दी में होगा :

(a) शिक्षक एक साहसी आत्मा थे।
(b) शिक्षक एक डरनेवाले आदमी नहीं थे।
(c) शिक्षक निर्भीक व्यक्ति थे
(d) शिक्षक किसी भूत-प्रेत को डरते नहीं थे।

**Ans. (c) :** 'The teacher was a man of fearless spirit.' का हिन्दी रूपान्तर 'शिक्षक निर्भीक व्यक्ति थे' होगा।

53. **The magistrate ordered an enquiry.**
हिन्दी में होगा :

(a) जाँच के उद्देश्य से मजिस्ट्रेट का आदेश आया।
(b) मजिस्ट्रेट ने जाँच के लिए आदेश दिया।
(c) एक पूछताछ के लिए मजिस्ट्रेट आदेश दिए।
(d) मजिस्ट्रेट जाँच के लिए आदेश दिए।

**Ans. (b) :** 'The magistrate ordered an enquiry.' का हिन्दी रूपान्तर 'मजिस्ट्रेट ने जाँच के लिये आदेश दिया' होगा।

54. लेखक को क्या बोध हुआ?

(a) ज्ञान की तीव्र इच्छा (b) सौन्दर्य शक्ति
(c) अनुकूल की तरह (d) ज्ञान शक्ति

**Ans. (*) :** गद्यांश न छपने की वजह से आयोग ने इस प्रश्न को हटा दिया।

55. लेखक को क्या जरूरत थी?

(a) जीने की जिन्दगी (b) दल-दल की जिन्दगी
(c) मुक्ति की जिन्दगी (d) जिन्दगी की तब्दीली

**Ans. (*) :** गद्यांश न छपने की वजह से आयोग ने इस प्रश्न को हटा दिया।

56. गर्व होने की बात क्या है?

(a) चेतन शक्ति (b) मुक्त हृदय दान
(c) भक्ति सौन्दर्य (d) स्वानुकूल जिन्दगी

**Ans. (*) :** गद्यांश न छपने की वजह से आयोग ने इस प्रश्न को हटा दिया।

57. मेरी इच्छा है :

(a) जिन्दगी अच्छी तरह जीना
(b) जिन्दगी में जीने का आदेश प्राप्त करना
(c) दलदल को पार कर जाना
(d) दूसरी राह पर पहुँचना

**Ans. (*) :** गद्यांश न छपने की वजह से आयोग ने इस प्रश्न को हटा दिया।

58. निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया छाँटिए :

(a) चलना (b) सोना
(c) मुस्कुराना (d) लिखना

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में से 'लिखना' सकर्मक क्रिया है। शेष शब्द चलना, सोना, मुस्कुराना अकर्मक क्रियायें हैं। सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं की पहचान 'क्या', 'किसे', 'किसको' आदि प्रश्न करने से होती है। यदि कुछ उत्तर मिले तो क्रिया सकर्मक और यदि उत्तर न मिले तो क्रिया अकर्मक मानी जाती है। 'लिखना' शब्द में क्या प्रश्न पूछने से उत्तर प्राप्त होता है, अन्य शब्दों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होगा। **सकर्मक क्रिया–** ऐसी क्रियायें जिनका कर्म हो या कर्म होने की संभावना हो सकर्मक क्रियायें कहलाती हैं। **अकर्मक क्रिया–** जिन क्रियाओं का व्यापार तथा परिणाम कर्ता पर हो वे अकर्मक क्रियायें कहलाती हैं।

59. कौन-सा शब्द अँधकार का पर्यायवाची नहीं है।

(a) तम (b) अँधेरा
(c) अमावस्या (d) तिमिर

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में से 'अमावस्या' अँधकार का पर्यायवाची शब्द नहीं है। अन्य विकल्प अँधकार के पर्यायवाची शब्द हैं। अँधकार का पर्यायवाची– अँधेरा, तम, तिमिर, अँधियारा, तमस आदि।

60. सही अर्थवाला शब्द-युग्म कौन-सा है?

(a) आकर-आकार = खान-आकृति
(b) कुल-कूल = वंश-सोल्ल
(c) निर्जर-निर्झर = शून्य-झरना
(d) शर-सर = बाण भला आदमी

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से सही अर्थ वाला युग्म 'आकर-आकार = खान-आकृति' है। अन्य विकल्प युग्म के सही अर्थ इस प्रकार हैं–

कुल-कूल = वंश-किनारा
निर्जर-निर्झर = देवता-झरना
शर-सर = बाण-तालाब

61. 'जो कम खर्च करता हो'। इस वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा।

(a) कंजूस (b) लोभी
(c) मितव्ययी (d) मक्खीचूस

Ans. (c) : 'जो कम खर्च करता हो' इस वाक्यांश के लिये एक शब्द 'मितव्ययी' होगा। कंजूस ऐसे व्यक्ति को कहा जाता है जो पास में धन होने पर भी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसका उपयोग न करता हो। लालच या लोभ की इच्छा रखने वाला व्यक्ति 'लोभी' कहलाता है। मक्खीचूस शब्द अत्यधिक कंजूस व्यक्ति के लिये प्रयुक्त किया जाता है।

62. शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) चिन्ह (b) कुष्मा
(c) दवाईयें (d) निर्भर

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'निर्भर' शब्द शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है–

चिन्ह – चिह्न, कुष्मा – कुल्या, दवाईयें – दवाइयाँ

63. निम्नलिखित में से कर्ता कारक वाला वाक्य छाँटिए :

(a) मोहन को जाना है।
(b) शीला को रोटी खिलाओ।
(c) शाम को घर आना।
(d) बिना को पुस्तक दे दो।

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'मोहन को जाना है' वाक्य कर्ता कारक वाला है। शेष वाक्य कर्मकारक वाले हैं।

64. निम्नलिखित में से पुलिंग शब्द छाँटिए :

(a) चाहत (b) रंगत
(c) मेहनत (d) आहार

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'आहार' शब्द पुल्लिंग है, शेष चाहत, रंगत, मेहनत स्त्रीलिंग शब्द हैं। कुछ अन्य पुल्लिंग शब्द हैं- कान, मुँह, दाँत, पाँव, मोती, माणिक्य, पन्ना, हीरा, जवाहर, मूँगा, जौ, गेहूँ, चावल, बाजरा, पीपल, बड़, देवदार इत्यादि।

65. 'पति' शब्द का अविभक्तिक बहुवचन होता है :

(a) पतियों (b) पतियाँ
(c) पति (d) पतिएँ

Ans. (c) : 'पति' शब्द का अविभक्तिक बहुवचन 'पति' ही होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

66. निम्नलिखित में से निर्देशक चिह्न कौन-सा है?

(a) ? (b) ।
(c) , (d) –

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्प में से '–' चिह्न निर्देशक चिह्न है। (?) चिह्न प्रश्नवाचक का, (,) चिह्न अल्प विराम का तथा (।) चिह्न पूर्णविराम का है। हिन्दी में प्रयुक्त विराम चिह्न निम्नलिखित हैं–

(1) पूर्णविराम → ।
(2) अल्पविराम → ,
(3) अर्धविराम → ;
(4) योजक चिह्न → -
(5) प्रश्नवाचक → ?
(6) विस्मयादिबोधक → !
(7) उद्धरण चिह्न → " " ' '
(8) लाघव चिह्न → ०
(9) निर्देशक चिह्न → –
(10) विवरण चिह्न → :-
(11) कोष्ठक चिह्न → () {} []
(12) हंसपद (त्रुटिबोधक) चिह्न → ^

67. 'सदा एक समान' रहने पर लोकोक्ति प्रयुक्त होती है :

(a) साँच को आँच नहीं
(b) सावन हरे न भादों सूखे
(c) भागते चोर की लंगोटी ही सही
(d) सहज पके सो मीठा होय।

Ans. (b) : 'सदा एक समान' रहने पर 'सावन हरे न भादों सूखे' लोकोक्ति प्रयुक्त होगी। विकल्प की अन्य लोकोक्तियों का अर्थ इस प्रकार है–

साँच को आँच नहीं – सच्चे आदमी को कोई खतरा नहीं।
सहज पके सो मीठा होय – धैर्य से किया गया कार्य सुखकर होता है।
'भागते चोर की लंगोटी सही' लोकोक्ति का सही रूप 'भागते भूत की लंगोटी भली' है जिसका अर्थ है– कुछ न मिलने से जो मिल जाय वही अच्छा।

68. शास्त्रप्रवीण महाविद्यालय में पीतांबर धारण करते आते हैं।

इस वाक्य में तत्पुरुष समास कौन-से शब्द पद में है?

(a) शास्त्रप्रवीण (b) महाविद्यालय
(c) पीतांबर (d) धारण करते

Ans. (a) : 'शास्त्रप्रवीण महाविद्यालय में पीतांबर धारण करते आते हैं' वाक्य में 'शास्त्रप्रवीण' शब्द में तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह 'शास्त्र में प्रवीण' होगा। प्रस्तुत शब्द में अधिकरण तत्पुरुष है।

69. **Angenda is sent here with ........ के लिए हिन्दी में होगा–**
(a) कार्यसूची साथ भेजी जा रही है
(b) तदनुसार सूचित करें
(c) सूची नीचे रखी है
(d) कार्यसूची संलग्न कीजिए

Ans. (a) : 'Angenda is sent here with .......' के लिये उपयुक्त हिन्दी वाक्य 'कार्यसूची साथ भेजी जा रही है' होगा।

70. **As mentioned Therein............के लिए हिन्दी में होगा–**
(a) जैसा कि उसमें उल्लेख किया गया है।
(b) पर्यंक विषय
(c) जैसा कि बताया जा चुका है।
(d) संशोधित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

Ans. (a) : 'As mentioned Therein .........' के लिये हिन्दी में उपयुक्त वाक्य 'जैसा कि उसमें उल्लेख किया गया है।' होगा।

71. **काकल्य वर्ण कौन-सा है?**
(a) य (b) स
(c) ह (d) ण

Ans. (c) : उपर्युक्त विकल्पों में 'ह' काकल्य ध्वनि है। जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में मुखगुहा खुली रहती है और वायु झटके से कंठ को खोलकर झटके से बाहर निकलती है उसे काकल्य व्यंजन ध्वनि कहते हैं। 'य' अन्तस्थ व्यंजन है, इसका उच्चारण स्थान तालु है। इसे अर्धस्वर भी कहते हैं। 'स' ऊष्म व्यंजन है, इसका उच्चारण स्थान दंत है। ण, ट वर्ग का पंचम अक्षर है जिसका उच्चारण स्थान मूर्धा है।

72. **'य' का उच्चारण स्थान है :**
(a) ओष्ठ (b) दाँत
(c) मूर्धा (d) तालु

Ans. (d) : 'य' वर्ण का उच्चारण स्थान तालु है। वर्णों के उच्चारण स्थान निम्नवत् हैं–
कंठ – क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ, ह और विसर्ग
तालु – इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य और श
मूर्धा – ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र और ष
दंत – त, थ, द, ध, न, ल और स
ओष्ठ – उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म
कंठतालु – ए, ऐ
कंठोष्ठ – ओ, औ
दन्तोष्ठ – व

73. **उपसर्ग बताइए :**
**अतींद्रिय**
(a) अति (b) अतो
(c) अ (d) अत

Ans. (a) : 'अतींद्रिय' शब्द में 'अति' उपसर्ग है। अति उपसर्ग संस्कृत भाषा का उपसर्ग है जिसका अर्थ है 'अधिक, 'ऊपर, 'उसपार'। अति उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द इस प्रकार हैं- अतिकाल, अतिरिक्त, अतिशय, अत्यन्त, अत्याचार, अत्युक्ति, अतिव्याप्ति, अतिक्रमण इत्यादि।

74. **अध्याहार का अर्थ है :**
(a) वाक्य में आधा अर्थ प्रकट होना।
(b) वाक्य में किसी अंग का लोप हो जाना।
(c) वाक्य में कर्ता और कर्म का जुड़ जाना।
(d) वाक्य में संपर्क छिन्न हो जाना।

Ans. (c) : 'अध्याहार' शब्द का उपयुक्त अर्थ है– 'वाक्य में कर्ता और कर्म का जुड़ जाना।' मूलतः अध्याहार का शाब्दिक अर्थ है– तर्क वितर्क, ऊहापोह। वाक्य को पूरा करने के लिए उसमें कुछ शब्द ऊपर से जोड़ना या अस्पष्ट वाक्यों को दूसरे शब्दों में स्पष्ट करने की क्रिया अध्याहार कहलाता है।

75. **एक ही विधेय हो जिसमें :**
(a) मिश्र वाक्य (b) कर्मपूरक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

Ans. (c) : एक ही विधेय वाले वाक्य को सरल वाक्य कहते हैं। सरल वाक्यों में एक ही कर्ता, एक ही क्रिया व एक ही उद्देश्य होता है उदाहरण- बिजली चमकती है। पानी बरसा।
**मिश्र वाक्य–** जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य/उपवाक्य हो, मिश्र वाक्य कहलाता है। उदाहरण- उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।
**संयुक्त वाक्य–** जिस वाक्य में साधारण या मिश्र वाक्यों का योग संयोजक अवयवों द्वारा होता है उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। उदाहरण- सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।

76. **कौन-सा स्त्रीलिंग शब्द है?**
(a) छाछ (b) तेल
(c) कोढ़ (d) टेसू

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'छाछ' स्त्रीलिंग शब्द है। खाने पीने की सभी चीजें स्त्रीलिंग होती हैं, जैसे– कचौड़ी, पूरी, खीर, दाल, पकौड़ी, रोटी, चपाती, तरकारी, सब्जी, खिचड़ी इत्यादि। परन्तु इसका अपवाद भी है– पराठा, हलवा, भात, दही , रायता इत्यादि शेष विकल्प तेल, कोढ़, टेसू पुल्लिंग शब्द हैं।

77. कौन-सा समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है?

(a) अर्थात्　　(b) अतएव

(c) अथवा　　(d) आजन्म

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में से 'आजन्म' शब्द समुच्चयबोधक नहीं है। शेष शब्द 'अर्थात', 'अतएव', 'अथवा' समुच्चयबोधक अव्यय है। समुच्चयबोधक ऐसे पद/अव्यय होते हैं जो दो या दो से अधिक वाक्यों या पदों को परस्पर जोड़ते हैं। इनके 2 भेद है–

(1) समानाधिकरण समुच्चयबोधक

(2) व्यधिकरण समुच्चयबोधक

कुछ समुच्चयबोधक पद इस प्रकार है - और, व, एवं, तथा, या, वा, किंवा, कि, किन्तु, लेकिन, वरन, बल्कि, इसलिए, जोकि, मानो, वरना इत्यादि

78. कृताकृत का समास है :

(a) तत्पुरुष　　(b) अव्ययीभाव

(c) कर्मधारय　　(d) द्विगु

**Ans. (c) :** 'कृताकृत' शब्द में कर्मधारय समास है। इसका समास विग्रह है 'कृत - अकृत'। कर्मधारय समास के कुछ अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं– सद्भावना, लुटपैये, कदन्न, महापुरुष, नीलोत्पल, पीताम्बर, शीतोष्ण, नीलगीत, अधरपल्लव, चरणकमल, मुखचन्द्र, नरसिंह, शैलोन्नत आदि।

तत्पुरुष समास के उदाहरण– अकालपीड़ित, गोशाला, पदच्युत, राजभवन, शास्त्रप्रवीण

अव्ययीभाव समास के उदाहरण– यथार्थ, आजन्मकाल, प्रत्येक, अनुकूल, निर्भय।

द्विगु समास के उदाहरण– दुपहर, शताब्दी, पंचप्राण, नवरत्न।

79. तद्भव शब्द है :

(a) सुर्ख　　(b) शत

(c) झाई　　(d) भक्त

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में से 'झाई' शब्द तद्भव है, इसका तत्सम रूप है– 'अर्धतुलीय'। शेष विकल्पों में से 'सुर्ख' फारसी भाषा का शब्द है। 'भक्त' तथा 'शत' तत्सम शब्द है जिनका तद्भव रूप क्रमशः 'भगत' तथा 'सौ' है।

80. स्त्री शब्द का विशेषण है :

(a) स्त्री　　(b) स्त्रीत्व

(c) स्त्रैण　　(d) स्त्रैण

**Ans. (d) :** 'स्त्री' शब्द का विशेषण स्त्रैण होगा। शब्दों में प्रत्ययों के योग से विशेषण का निर्माण किया जाता है। क्रिया या धातु में कृत प्रत्यय के योग से कृदन्त विशेषण व संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में तद्धित प्रत्यय के योग से तद्धितान्त विशेषणों का निर्माण होता है।

# सामान्य ज्ञान (GENERAL KNOWLEDGE)

81. **Who invented the QWERTY style/method of keyboard used for computers and also for typewriters?/कम्प्यूटर तथा टाइपराइटर के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कीबोर्ड की QWERTY शैली/विधि का आविष्कार किसने किया?**

(a) Michael Bloomberg/माइकल ब्लूमबर्ग

(b) William Singerly/विलियम सिंगरली

(c) Edward Rosewater/एडवर्ड रोजवाटर

(d) Christopher Latham Sholes
क्रिस्टोफर लैथम शोल्स

**Ans. (d) :** QWERTY शैली की-बोर्ड पर वर्णों की व्यवस्था को 1868 में क्रिस्टोफर लैथम शोल्स द्वारा बनाया गया था।

82. **Where did the Buddha preach his first sermon? बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था?**

(a) Kushinagar/कुशीनगर

(b) Sarnath/सारनाथ

(c) Ayodhya/अयोध्या

(d) Varanasi/वाराणसी

**Ans. (b) :** बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति बोधगया में हुई तथा उन्होंने पहला धर्मोपदेश सारनाथ में दिया जिसे बौद्ध ग्रन्थों में धर्मचक्र प्रवर्तन कहा गया।

83. **Which is the most renowned sweet from Agra? आगरा की सबसे प्रसिद्ध मिठाई कौन-सी है?**

(a) Balushahi/बालूशाही

(b) Gajar ka Halwa/गाजर का हलवा

(c) Petha/पेठा

(d) Malpua/मालपुआ

**Ans. (c) :** पेठा आगरा की सबसे मशहूर मिठाई है, जो भारत भर में विख्यात है। आगरा शहर की स्थापना लोदी वंश के शासक सिकन्दर लोदी द्वारा सोलहवीं शताब्दी में की गयी थी। आगरा का ताजमहल तथा आगरा का किला यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल है।

84. **The Kumbh Mela and the Ardh Kumbh are held every ______ year, respectively./कुंभ मेला और अर्ध कुंभ क्रमशः प्रत्येक ............ वर्ष लगते हैं।**

(a) twelfth and sixth/बारहें और छठें

(b) tenth and fifth/दसवें और पाँचवें

(c) eighth and fourth/आठवें और चौथे

(d) sixth and third/छठे और तीसरे

**Ans. (a) :** कुंभ मेला इलाहाबाद (प्रयाग) में आयोजित किया जाता है। एक अर्द्ध कुंभ मेला हर छठे वर्ष में आयोजित होता है जबकि 12 वर्ष में एक बार कुंभ मेला होता है।

**85. Which of the following cities hosts the Kumbh Mela? /निम्न में से किस शहर में कुंभ मेला लगता है?**

(a) Varanasi/वाराणसी

(b) Allahabad/इलाहाबाद

(c) Banaras/बनारस

(d) Ayodhya/अयोध्या

**Ans. (b) :** इलाहाबाद (प्रयागराज) में कुंभ मेला लगता है। यहाँ गंगा, यमुना तथा अदृश्य सरस्वती नदी का त्रिवेणी संगम है। प्रयागराज के अलावा अन्य 3 स्थानों हरिद्वार, उज्जैन तथा नासिक में भी कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है

**86. The Charkula dance form of Uttar Pradesh has the woman dancing with what placed on her head?/उत्तर प्रदेश के चरकुला नृत्य में महिला अपने सिर पर क्या रखकर नृत्य करती है?**

(a) Earthen pot full of water
पानी से भरा मिट्टी का बर्तन

(b) Earthen pot full of milk
दूध से भरा मिट्टी का बर्तन

(c) Oil lamps/तेल के दीपक

(d) Four earthen pots/चार मिट्टी के बर्तन

**Ans. (c) :** चरकुला उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्रों में किया जाने वाला एक नृत्य है। इस नृत्य में महिलाएं एक बड़े घुमावदार लकड़ी के पिरामिड को सिर पर रखकर नृत्य करती है। प्रत्येक पिरामिड में 108 प्रकाशित तेल लैंप (तेल के दीपक) सर्पिलाकार रूप में व्यवस्थित होती है।

**87. As of July 2018, how many districts does the state of Uttar Pradesh have?**
**उत्तर प्रदेश में कुल कितने जिले हैं?**

(a) 72 (b) 75

(c) 78 (d) 77

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले तथा 18 मंडल हैं। लखनऊ इसकी राजधानी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा राज्यपाल राम नाईक हैं।

**88. Aligarh is famous for its ________.**
**अलीगढ़ .......... के लिए प्रसिद्ध है।**

(a) mithai/मिठाइयाँ

(b) bangles/चूड़ियाँ

(c) glassware/काँच की वस्तुओं

(d) locks/तालों

**Ans. (d) :** अलीगढ़ तालों के लिए प्रसिद्ध है। अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र है। अलीगढ़ के ताले दुनिया भर में निर्यात किये जाते हैं। 1870 में जॉनसन एण्ड कम्पनी अलीगढ़ में स्थापित पहली अंग्रेजी लॉक कम्पनी थी।

**89. Where is the Chikankari form of handicraft mainly practiced?/हस्तशिल्प के अंतर्गत आने वाली चिकनकारी का कार्य मुख्य रूप से कहाँ किया जाता है?**

(a) Hapur/हापुड़ (b) Kanpur/कानपुर

(c) Lucknow/लखनऊ (d) Mathura/मथुरा

**Ans. (c) :** चिकनकारी लखनऊ की प्रसिद्ध कढ़ाई, जो यहीं पर की जाती है। प्रसिद्ध पश्मीना की शाल कश्मीर में बनाई जाती है। सुजनी कढ़ाई बिहार की है तथा कानथा साड़ी बंगाली क्षेत्रों में बनाई जाती है

**90. Which Uttar Pradesh Chief Minster also was the head of the Gorakhpur Math?/उत्तर प्रदेश के कौन-से मुख्यमंत्री गोरखपुर मठ के अध्यक्ष भी हैं/थे?**

(a) Sampurnand/संपूर्णानन्द

(b) Gobind Vallabh Pant/गोविंद वल्लभ पंत

(c) Banarsi Das/बनारसी दास

(d) Yogi Adityanath/योगी आदित्यनाथ

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर मठ के अध्यक्ष भी हैं

**91. In which year was the Uttar Pradesh Public Service Tribunal set up?/उत्तर प्रदेश लोक सेवा न्यायाधिकरण किस वर्ष स्थापित हुआ था?**

(a) 1974 (b) 1976

(c) 1980 (d) 1984

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा न्यायाधिकरण 16 फरवरी 1976 को स्थापित किया गया था। 1976 का अधिनियम समय-समय पर संशोधित किया गया।

**92. When was the Non-cooperation Movement withdrawn?/असहयोग आंदोलन कब वापस ले लिया गया?**

(a) February 1922/फरवरी 1922

(b) March 1926/मार्च 1926

(c) May 1929/मई 1929

(d) September 1925/सितंबर 1925

**Ans. (a) :** 5 फरवरी, 1922 को चौरी चौरा (गोरखपुर) में हुई एक हिंसक घटना के कारण गांधीजी ने असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया था। इस चौरी-चौरा की घटना में उग्र भीड़ ने पुलिस थाने को आग लगा दिया था, जिससे 22 पुलिसकर्मी मारे गये थे।

93. **Which freedom fighter was given the honorary title of 'Lokmanaya'?/किस स्वतंत्रता सेनानी को 'लोकमान्य' की मानद उपाधि दी गयी?**

(a) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय

(b) Dadabhai Naoroji/दादाभाई नौरोजी

(c) Bal Gangadhar Tilak/बाल गंगाधर तिलक

(d) Rajendra Prasad/राजेन्द्र प्रसाद

**Ans. (c) :** बाल गंगाधर तिलक (23 जुलाई 1856 – 1 अगस्त 1920) केशव गंगाधर तिलक के रूप में पैदा हुए। वह एक भारतीय राष्ट्रवादी पत्रकार, शिक्षक, सामाजिक सुधारक तथा स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें लोकमान्य के मानद उपाधि से भी सम्मानित किया गया। तिलक ने मराठा तथा केसरी नामक समाचारपत्र भी निकाला था। इनके ऊपर दो बार राजद्रोह (IPC की धारा 124A) का मुकदमा लगा था। तिलक 'स्वराज' (आत्म-शासन) के पहले और सबसे मजबूत समर्थकों में से एक थे।

94. **To launch which movemnt did Mahatma Gandhi give the 'Do or Die' speech?/महात्मा गांधी ने किस आंदोलन के लिए 'करो या मरो' नारा दिया था?**

(a) Non-Cooperation Movement/असहयोग आंदोलन

(b) Quit India Movement/भारत छोड़ो आंदोलन

(c) Civil Disobedience Movement
सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) Khilafat Movement/खिलाफत आंदोलन

**Ans. (b) :** 8 अगस्त 1942 को प्रारम्भ भारत छोड़ो आन्दोलन के लिए गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। इस आन्दोलन के ज्यादातर बड़े नेताओं को 9 अगस्त की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। गांधी जी को आगा खाँ महल में रखा गया था।

95. **Mahatma Gandhi arrived in ______, South Africa aboard the steamship SS Safari./महात्मा गांधी भाप से चलने वाले जहाज एस.एस. सफारी द्वारा दक्षिण अफ्रीका के .......... पहुँचे थे।**

(a) Johannesburg/जोहान्सबर्ग

(b) Cape Town/केप टाउन

(c) Durban/डरबन

(d) Port Elizabeth/पोर्ट एलिजाबेथ

**Ans. (c) :** महात्मा गांधी 1893 में भाप से चलने वाले जहाज एस. एस. सफारी द्वारा दक्षिण अफ्रीका के डरबन पहुँचे थे। वह दक्षिण अफ्रीकी भारतीय समुदाय के नेता बने। द.अ. में अहिंसक आंदोलन में उनकी भागीदारी रही।

96. **Rabindranath Tagore rejected knighthood to protest ______./रबीन्द्रनाथ टैगोर ने किस नरसंहार के विरोध में नाइटहुड की उपाधि लौटा दी?**

(a) Jalianwala Bagh Massacre
जलियाँवाला बाग नरसंहार

(b) Khilafat Movement/खिलाफत आंदोलन

(c) Sepoy Mutiny/सैनिक विद्रोह

(d) Non-Cooperation Movement/असहयोग आंदोलन

**Ans. (a) :** रबीन्द्रनाथ टैगोर ने ब्रिटिश वायसराय, लॉर्ड चेम्सफोर्ड के काल में हुए जलियाँवाला बाग नरसंहार के विरोध में अपने नाइटहुड की उपाधि लौटा दी।

97. **Gandhiji established a living community called ______ Settlement just outside of Durban in June 1904./गांधीजी ने जून 1904 में डरबन के बाहर .......... बस्ती नामक एक सामुदायिक क्रियाशील मठ की स्थापना की।**

(a) Ruskin/रस्किन (b) Natal/नटाल

(c) Pretoria/प्रिटोरिया (d) Phoenix/फोनिक्स

**Ans. (d) :** 1904 में महात्मा गांधी जी द्वारा फोनिक्स बस्ती नामक एक सामुदायिक क्रियाशील मठ की स्थापना की। यह दक्षिणी अफ्रीका के डरबन शहर में अवस्थित था।

98. **Where is the famous Pir Panjal Railway Tunnel located?/प्रसिद्ध पीर पंजाल रेलवे सुरंग कहां स्थित है?**

(a) Jharkhand/झारखंड

(b) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर

(c) Maharashtra/महाराष्ट्र

(d) Mizoram/मिज़ोरम

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध पीर पंजाल रेलवे सुरंग या बनिहाल रेलवे सुरंग भारत के उत्तर में जम्मू-कश्मीर में स्थित है। यह 11.215 किमी. लम्बी रेलवे सुरंग है। यह जम्मू-बारामूला लाइन का हिस्सा है।

99. **How many countries does India share its borders with?
भारत की सीमाएं कितने देशों से लगती हैं?**

(a) Four/चार (b) Five/पाँच

(c) Seven/सात (d) Nine/नौ

**Ans. (c) :** भारत की सीमाएं कुल 7 देशों से लगती हैं, जिनसे भारत अपनी सीमाओं को साझा करता है। भारत के 7 पड़ोसी देश म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, चीन, अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान है।

100. **Mahansar, Dungarpur, Churu, Naralai are cities/towns/villages in which state of India?/महनसर, डूंगरपुर, चूरू, नारलाई शहर भारत के किस राज्य में हैं?**

(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

(c) Rajasthan/राजस्थान

(d) Uttaranchal/उत्तरांचल

Ans. (c) : महनसर, डूंगरपुर, चुरू, नागलाई शहर भारत के राजस्थान राज्य में है।

**101. Tripura is surrounded by ______ on its north, south and west./त्रिपुरा अपने उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में ......... से घिरा हुआ है।**

(a) Myanmar/म्यांमार

(b) China/चीन

(c) Thailand/थाईलैंड

(d) Bangaladesh/बांग्लादेश

Ans. (d) : त्रिपुरा अपने उत्तर, दक्षिण और पश्चिम तीनों ओर से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच की सीमा 4096 किमी. है, जो भारत की सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।

**102. Dhalai and Unokoti are districts in the state of:/धलाई और उनाकोटी .......... राज्य के जिले हैं**

(a) Mizoram/मिज़ोरम (b) Assam/असम

(c) Tripura/त्रिपुरा (d) Nagaland/नागालैंड

Ans. (c) : धलाई और उनाकोटी त्रिपुरा राज्य के जिले हैं। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला है।

**103. Port Blair is the capital of ______.
पोर्ट ब्लेयर ......... की राजधानी है।**

(a) Andaman and Nicobar Islands
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

(b) Dadra and Nagar Haveli/दादरा और नगर हवेली

(c) Puducherry/पुडुचेरी

(d) Lakshadweep/लक्षद्वीप

Ans. (a) : पोर्ट ब्लेयर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है। पोर्ट ब्लेयर संघ शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है। यह दक्षिण अंडमान द्वीप के पूर्वी तट पर स्थित है

**104. Mormugao is a port in which state of India?
मोरमुगांव बंदरगाह भारत के किस राज्य में है?**

(a) Gujarat/गुजरात (b) Odisha/ओडिशा

(c) Maharashtra/महाराष्ट्र (d) Goa/गोवा

Ans. (d) : मोरमुगांव बंदरगाह भारतीय राज्य गोवा में है। दक्षिण गोवा जिले में एक उप-जिला और नगरपालिका परिषद है। यह गोवा का मुख्य बंदरगाह है।

**105. Which Article of the Indian Constitution deals with the administration of Scheduled areas and Tribal areas?/भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है?**

(a) Article 214/अनुच्छेद 214

(b) Article 240/अनुच्छेद 240

(c) Article 244/अनुच्छेद 244

(d) Article 248/अनुच्छेद 248

Ans. (c) : भारतीय संविधान का अनुच्छेद 244 अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से सम्बन्धित है। भारतीय संविधान की 5वीं अनुसूची के प्रावधान असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों के अलावा किसी भी राज्य में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण पर लागू होते हैं।

**106. Which Article of the Indian Constitution provides for a Prime Minister to be appointed by the President?/भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद यह कहता है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी?**

(a) Article 81 (1)/अनुच्छेद 81 (1)

(b) Article 59 (1)/अनुच्छेद 59 (1)

(c) Article 75 (1)/अनुच्छेद 75 (1)

(d) Article 80 (1)/अनुच्छेद 80 (1)

Ans. (c) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 (1) में लिखा गया है, "राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की नियुक्ति की जाएगी और अन्य मंत्रियों को प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

**107. What is the notice period required for introducing a private member's bill in the Lok Sabha?/लोकसभा में सदस्यों द्वारा निजी विधेयक पेश करने की सूचना अवधि क्या है?**

(a) One month/एक माह

(b) Three months/तीन माह

(c) Five months/पाँच माह

(d) Six months/छह माह

Ans. (a) : लोकसभा में निजी सदस्यों द्वारा विधेयक पेश करने की सूचना अवधि एक माह होती है, जबकि सरकारी सदस्यों के विधेयक पेश करने की सूचना अवधि सात दिन होती है।
यदि एक मंत्री द्वारा एक बिल पेश किया जाता है तो उसे सरकारी बिल या सार्वजनिक बिल कहा जाता है और यदि किसी मंत्री से इतर अन्य सदस्य (विधेयक) द्वारा बिल पेश किया जाता है, तो इसे निजी विधेयक कहा जाता है।

**108. Which Fundamental Right talks about the protection of interest of minorities?**
**कौन-सा मौलिक अधिकार अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण की बात करता है?**

(a) Right to Education/शिक्षा का अधिकार
(b) Right Against Exploitation
शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) Right to Constitutional Remedies
संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(d) Cultural and Educational Rights
सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

**Ans. (d) :** सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार संविधान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों और रीति-रिवाजों की रक्षा के लिए तैयार किये गए हैं. संविधान में दो अनुच्छेद सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करते हैं.
अनुच्छेद 29– अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा।
अनुच्छेद 30– शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने के लिए अल्पसंख्यकों का अधिकार।

**109. How many sectors does the 'Make in India' programme focus on?/ मेक इन इंडिया' कार्यक्रम कितने क्षेत्रों पर संकेन्द्रित है?**

(a) 15 (b) 21
(c) 25 (d) 28

**Ans. (c) :** 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम अर्थव्यवस्था के 25 क्षेत्रों को कवर करता है। यह योजना भारत सरकार द्वारा भारत में अपने उत्पादों का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 25 सितम्बर 2014 को शुरू की गई थी। इस योजना का एकमात्र उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र में परिवर्तित करना है।

**110. The Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) is under which Ministry?/कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (AMRUT) किस मंत्रालय के अधीन है?**

(a) Housing and Urban Affairs
आवास और शहरी मामले
(b) Human Resource Development
मानव संसाधन विकास
(c) Health and Family Welfare
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
(d) Home Affairs/गृह मंत्रालय

**Ans. (a) :** कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (AMRUT) आवास और शहरी मामले के अन्तर्गत आते हैं। इस योजना को जून 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था।

**111. Why is Coimbatore called the 'Manchester of South India'?/कोयंबटूर को 'दक्षिण भारत का मैनचेस्टर' क्यों कहा जाता है?**

(a) Due to its automobile industry.
इसके ऑटोमोबाइल उद्योग के कारण
(b) Due to its cotton industry.
इसके कपास उद्योग के कारण
(c) Due to its shoe industry
इसके जूता उद्योग के कारण
(d) Due to its rubber industry.
इसके रबर उद्योग के कारण

**Ans. (b) :** दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कोयम्बटूर को कहा जाता है क्योंकि यह कपास उद्योग के लिए प्रसिद्ध है. अहमदाबाद को भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है।

**112. The 'Startup India' scheme is applicable to entities whose annual turnover for any previous year does NOT exceed _____.**
**'स्टार्टअप इंडिया' योजना उन संस्थाओं पर लागू होती है जिनके पिछले वर्ष का वार्षिक कारोबार .......... से अधिक नहीं होता है।**

(a) 1 crore/1 करोड़ (b) 10 crore/10 करोड़
(c) 15 crore/15 करोड़ (d) 25 crore/25 करोड़

**Ans. (d) :** इस योजना को पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले से 15 अगस्त 2015 को घोषित किया था। 'स्टार्टअप इंडिया' योजना विभिन्न संस्थाओं पर लागू होती है जिनके पिछले वर्ष का वार्षिक कारोबार रु. 25 करोड़ (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से कम है।

**113. When was the 'Make in India' initiative formally introduced by Prime Minister Modi at Vigyan Bhawan, New Delhi?/विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा औपचारिक रूप से 'मेक इन इंडिया' पहल की शुरूआत कब हुई थी?**

(a) August 15, 2014/15 अगस्त, 2014
(b) September 25, 2014/25 सितम्बर, 2014
(c) October 2, 2014/02 अक्टूबर, 2014
(d) November 14, 2014/14 नवम्बर, 2014

**Ans. (b) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा औपचारिक रूप से 'मेक इन इंडिया' पहल की शुरुआत 25 सितंबर 2014 को की गई थी। इस योजना का एकमात्र उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र में परिवर्तित करना है। 'Make in India' योजना 25 क्षेत्रों को कवर करती है

**114. Who became the first Indian woman to win gold in the World Junior Athletics?/विश्व जूनियर एथलेटिक्स में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन है?**

(a) Hima Das/हिमा दास

(b) Heema Sidhu/हीमा सिद्धू

(c) Dutee Chand/दुती चन्द

(d) Seema Punia/सीमा पुनिया

**Ans. (a) :** विश्व जूनियर एथलेटिक्स में 18 वर्षीय हिमा दास स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। हिमा दास ने फिनलैंड के टाम्पेर में IAAF (International Association of Athletics Federations) विश्व U-20 चैंपियनशिप में महिलाओं के 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बनाया। हिमा दास ने रटिना स्टेडियम में फाइनल में 51.46 सेकण्ड का समय लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमा दास दौड़ की किसी भी विश्व चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला है।

**115. The Fugitive Economic Offenders Bill 2018 covers cases above what value?/भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2018 (The Fugitive Economic Offenders Bill 2018) किस मूल्य से ऊपर के मामलों पर लागू होता है?**

(a) 75 crore/75 करोड़

(b) 100 crore/100 करोड़

(c) 150 crore/150 करोड़

(d) 200 crore/200 करोड़

**Ans. (b) :** यह विधेयक किसी व्यक्ति को एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी (FEO) के रूप में घोषित करने की अनुमति देता है यदि-

(i) किसी भी निर्दिष्ट अपराध के लिए उसके खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है जहां मूल्य 100 करोड़ रुपये से अधिक का मामला है।

(ii) उसने देश छोड़ दिया हो और आने से इंनकार कर दिया हो।

**116. In a historic first, Rajya Sabha signed an MoU with which country in 2018 for promoting inter-parliamentary dialogue?/एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यसभा ने अंतर-संसदीय वार्ता को बढ़ावा देने के लिए 2018 में किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?**

(a) Morocco/मोरक्को (b) Belarus/बेलारूस

(c) Rwanda/रवांडा (d) Zambia/जाम्बिया

**Ans. (c) :** भारतीय संसद के उच्च सदन राज्यसभा और रवांडा के सीनेट ने अंतर-संसदीय वार्ता क्षमता निर्माण और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 2018 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा अध्यक्ष वेंकैया नायडू और रवांडा के राष्ट्रपति बर्नार्ड मकुजा के बीच नई दिल्ली में हस्ताक्षरित किया गया।

**117. Commerce and Industry Minister Suresh Prabhu launched a mobile app in India to track and trace missing/abandoned children. It is called _____./वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने लापता/परित्यक्त बच्चों का पता लगाने और उन पर निगरानी रखने के लिए भारत में एक मोबाइल एप लाँच किया है। इसे ........ कहा जाता है।**

(a) ReUnite (b) ReJoin

(c) ReConnect (d) MeetUp

**Ans. (a) :** वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने भारत में लापता और परित्यक्त बच्चों का पता लगाने के लिए तथा उन पर निगरानी रखने के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन-रीयूनाइट (ReUnite) लाँच किया। यह ऐप बहुउद्देशीय है जहां परिजन और नागरिक बच्चों की तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं और नाम, जन्म चिन्ह, पता, पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट, लापता बच्चों की खोज और पहचान जैसे विस्तृत विवरण प्रदान कर सकते हैं। गैर-सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन और कैपेजिनी ने इस एप को विकसित किया है।

**118. Which country won the FIFA Word Cup title in 2018?/2018 में किस देश ने फीफा विश्व कप खिताब जीता?**

(a) Argentina/अर्जेंटीना (b) Brazil/ब्राजील

(c) Croatia/क्रोएशिआ (d) France/फ्रांस

**Ans. (d) :** फीफा विश्व कप 2018 का खिताब फ्रांस ने क्रोएशिया को हराकर जीता। इसका आयोजन रूस में किया गया था। अगला फुटबाल विश्व कप 2022 में कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होना है।

**119. When did the Agricultural Marketing Infrastructure (AMI) come into effect?/कृषि विपणन की आधारभूत संरचना (AMI) कब से प्रभावी हुआ?**

(a) December 2013/दिसम्बर 2013

(b) March 2014/मार्च 2014

(c) April 2014/अप्रैल 2014

(d) July 2014/जुलाई 2014

**Ans. (c) :** 1 अप्रैल 2014 को कृषि विपणन योजना के लिए एकीकृत योजना के 'कृषि विपणन की आधारभूत संरचना (AMI) पूंजी निवेश सब्सिडी उप-योजना में शामिल किया गया। इस योजना के अन्तर्गत किसानों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया।

**120. A new platform named e-RaKAM has been launched by the Government for what purpose?**
**सरकार द्वारा ई-रकम (e-RaKAM) नामक एक नया प्लेटफार्म किस उद्देश्य के लिए शुरु किया गया है?**

(a) Buying agricultural seed
कृषि बीज खरीदने के लिए
(b) Selling agricultural produce
कृषि उत्पाद बेचने के लिए
(c) Improving soil quality
मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए
(d) Disbursing farming loans
किसान कर्ज वितरित करने के लिए

**Ans. (b) :** भारत सरकार द्वारा ई-रकम (e-RaKAM) एक पहला उद्यम है जिसमें स्थानीय किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार के साथ कनेक्ट किया जायेगा। 1 अगस्त, 2017 को कृषि मंत्रालय किसानों को कृषि उत्पाद बेचने के लिए ई-रकम (ई-राष्ट्रीय किसान कृषि मंडी) पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के माध्यम से छोटे गांव के किसानों को इंटरनेट सुविधा के द्वारा दुनिया के सबसे बड़े बाजार तक पहुँचाया जा सकता है।

**121. With the Soil Health Card (SHC) the farmers in India will get feedback on how many parameters for the soil in their farmland?/मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) से भारत के किसानों को उनके खेत में मिट्टी के ........ मानदंडों की जानकारी मिलेगी?**

(a) Five/पाँच (b) Twelve/बारह
(c) Ten/दस (d) Fourteen/चौदह

